हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026



06 खरीदी शुरू होने से पहले मंडी में बिका 1.13 लाख...



07 मकान सूचीकरण के लिए काटे जा रहे ब्लॉक्स...



## खबर संक्षेप

### मांगीलाल मालपानी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**इटारसी।** माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित एक विशेष बैठक में चुनावी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सामाजिक मेलजोल और आपसी सामंजस्य से नवगठित कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से मांगीलाल मालपानी को अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके साथ ही श्रीकांत मौलासरिया को उपाध्यक्ष, रितेश माहेश्वरी को सचिव, विवेक चांडक को सह-सचिव और अर्पण माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। सामाजिक बंधुओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

### आज होगा ईदगाह फीडर का मैन्टेनेंस कार्य

**नर्मदापुरम।** शुक्रवारको प्रातः 08 बजे से 01 बजे तक 11 के.व्ही. ईदगाह फीडर लाईन पर मैन्टेनेंस किया जाना है। किए जाने वाले कार्य की प्रवृत्ति को देखते हुए विद्युत बंद रहने के समयवाधि बढ़ाई जा सकती है। मेंटेनेंस के दौरान खोजनपुर, ईदगाह,बी. टी.आई. वान्या ढाबा के पीछे, ईदगाह बस्ती, परमश्री गार्डन के आस-पास का क्षेत्र आदि क्षेत्र की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा।

### विभाग के सामने घटनाओं पर अंकुश लगाने की आयी चुनौती

# एसटीआर में महुआ बीनने गए ग्रामीण को बाघ ने बनाया निवाला, फैली दहशत

जंगल में महुआ बीनने गए एक 49 वर्षीय आदिवासी की बाघ के हमले में दर्दनाक मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसटीआर की चूरना रेंज में एक बार फिर इंसान और वन्यजीव के बीच टकराव की रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। जंगल में महुआ बीनने गए एक 49 वर्षीय आदिवासी की बाघ के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने आसपास के ग्रामीण इलाकों में खौफ का माहौल पैदा कर दिया है। मृतक की पहचान सुधराम चौहान (49 वर्ष), निवासी चनागढ़ झुनकर के रूप में हुई है। मामले में केसला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव को पंचनामा के लिए सुखतवा लाया गया था।



#### आजीविका की मजबूरी और जान का जोखिम

आदिवासी अंचलों में इन दिनों महुआ बीनने का सीजन चरम पर है। महुआ इन ग्रामीणों की आजीविका का एक बेहद अहम जरिया है। इसी रोजी-रोटी की तलाश में ग्रामीण अलसुबह या रात के अंधेरे में अपनी जान हथेली पर रखकर घने जंगलों में घुस जाते हैं। यह घटना इस बात की कड़वी सच्चाई है कि पेट की आग बुझाने के लिए उन्हें मौत के साये से गुजरना पड़ता है।

#### शव के पास ही बैठा था बाघ

बुधवार से लापता सुधराम की तलाश में जब परिजन गुरुवार सुबह जंगल के भीतर पहुंचे, तो उनके सामने एक खौफनाक मंजर था। सुधराम के क्षत-विक्षत शव के ठीक पास बाघ बैठा हुआ था। बाघ ने मृतक के हाथ-पैर खा लिए थे और केवल सिर तथा धड़ ही बचा था। परिजनों ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर बाघ को वहां से खदेड़ा और तुरंत वन विभाग व पुलिस को मामले की सूचना दी।

#### क्यों होत हैं वन्य प्राणियों के हमले

जिले में इन दिनों वन्य प्राणियों के हमले बड़ रहे हैं जिसका कारण तेजी से बढ़ती गर्मी मुख्य वजह बन रही है। जंगल के अंदर पानी की कमी के चलते वन्य प्राणी पानी की तलाश में जंगल से बाहर आते हैं और आम नागरिकों को निशाना बनाते हैं। हालाकि विभाग भी इस ओर ध्यान दे रहा है। गर्मी बढ़ेगी तो वन्य प्राणी बाहर आएंगे।

#### वन विभाग के लिए बढ़ती चुनौती

इस खौफनाक घटना के बाद से एसटीआर से सटे गांवों में दहशत पसर गई है। ग्रामीण अब महुआ बीनने के लिए जंगल जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में प्रशासन और वन विभाग के सामने कुछ प्रमुख चुनौतियां और जिम्मेदारियां हैं जिनमें ग्रामीणों को जागरूक करना कि वे महुआ बीनने के लिए एसटीआर के कोर (भीतरी) इलाकों में बिल्कुल न जाएं और केवल बाहरी जंगलों तक ही सीमित रहें। बाघों के रहवास को इस तरह संरक्षित किया जाए कि वे रिहायशी इलाकों या इंसानी दखल वाले क्षेत्रों के ज्यादा करीब न आएं। इंसान और जानवर के बीच बढ़ते इस खूनी संघर्ष को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर कुछ बेहद ठोस और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे।

## 5 लाख की चोरी का खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार

### सीसीटीवी कैमरे की मदद से पकड़ाया चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली थाना पुलिस ने बीते दिनों शहर के जुमेराती क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

#### सूने मकान की रैकी कर की थी वारदात

जानकारी के अनुसार, फरियादी रामगोपाल पाण्डे निवासी जुमेराती 3 अप्रैल 2026 को सपरिवार अपने गांव गए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर गोदरेज की अलमारी से कीमती जेवर और नकदी पार कर दिए थे। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा के मार्गदर्शन में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। जांच में संदिग्ध की लोकेशन खंडवा जिले में मिली। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर खंडवा के ग्राम सिंहाड़ा से 19 वर्षीय शेख शादाब को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नर्मदापुरम में रहकर कबाड़ बीनने का काम करता था। इसी दौरान उसने सूने मकान की रैकी की और चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र पाठक के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक अनुज बघेल आदि की भूमिका रही।

## गैस की किल्लत को लेकर कैटरर्स ने विधायक डॉ शर्मा से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आगामी विवाह सीजन के दौरान कमर्शियल गैस सिलेंडरों की संभावित कमी को लेकर वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े व्यवसायियों की चिंता बढ़ गई है। इस समस्या के समाधान के लिए 'वेडिंग इंडस्ट्री' के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से मुलाकात कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि सीजन के दौरान कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में संरक्षक जसबीर छाबड़ा, राजेंद्र दुबे, कमल ठाकुर, राजेश चौरे सहित शहर के कई वरिष्ठ कैटरर्स और हलवाई उपस्थित थे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की समस्या निराकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कांग्रेस कमेटी और जिला किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले भर के कांग्रेसियों ने विशाल प्रदर्शन किया। पीपल चौक पर धरना देने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर घेराव किया और राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस उग्र प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय और किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने किया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य समर्थन मूल्य पर खरीदी में हो रही लेटलतीफी, खाद की किल्लत और वेयरहाउसों में चल रही गड़बड़ियों का विरोध करना था।



इस अवसर पर पं. गिरजा शंकर शर्मा (पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि अटल जी की सरकार की तुलना में मनमोहन सिंह की सरकार के समय समर्थन मूल्य की दरों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी की गई थी। शिवाकांत पांडेय जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने वेयरहाउसों में हो रही भारी धांधली का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सोहागपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा गड़बड़ियां हो रही हैं। पहले तौल में उपज मारी जाती थी, फिर बोरियों और ट्रकों की चोरी होने लगी, और अब सीधे वेयरहाउसों से चोरियां हो रही हैं।

पुष्पराज पटेल पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मूंग की खरीदी नहीं करना चाहती। वहीं विजय बाबू चौधरी किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के बजाय उन्हें परेशान कर रही है। इस विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ किसान नेता चंद्रगोपाल मलैया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, संतोष मालवीय, जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह पटेल, अनोखी राजोरिया, अजय सैनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नपाध्यक्ष और सीएमओ ने सुनीं जनसमस्याएं

**नर्मदापुरम।** नगर पालिका कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में गुरुवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने संयुक्त रूप से नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पेयजल, नाली निर्माण, अतिक्रमण और सफाई से जुड़े विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। सुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग महिला ने अपनी पेंशन बंद होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर नपाध्यक्ष ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। वहीं, फेफरताल क्षेत्र की एक कॉलोनी में कचरा गाड़ी भेजने की मांग पर त्वरित कार्रवाई की गई। नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदनों पर कार्रवाई कर फीडबैक उपलब्ध कराया जाए।

## निर्बाध जल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन, मीनाक्षी चौक से हटा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहरवासियों को भविष्य में पेयजल की कोई समस्या न हो और हर घर तक बिना किसी रुकावट के पानी पहुंचे, इसके लिए नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। नगर में 'अमृत 2.0' योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कार्य में तेजी लाने और मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए मीनाक्षी चौक से अतिक्रमण भी हटाया है।

मीनाक्षी चौक से एनएमवी कॉलेज के बीच योजना के तहत पाइपलाइन डालने का काम तेजी से जारी रहा। इस दौरान, कार्य को सुचारू रूप से अंजाम देने के लिए मीनाक्षी चौक स्थित दीवार से सटी उन दुकानों (अतिक्रमण) को हटा दिया गया, जो निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही थीं।

#### निरंतर जारी कार्य

नपा उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 'अमृत 2.0' योजना के तहत यह महत्वपूर्ण कार्य इंटक वेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक किया जा रहा है। यह संपूर्ण प्रक्रिया नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के कुशल निर्देशन में संचालित हो रही है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव नेनगर के सभी नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करने को लक्ष्य बताया।

## गेहूं उपार्जन का शंखनाद, मंडी में तौलकांटों के पूजन से आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश में किसान संगठनों के आंदोलन और राजनीतिक दबाव के बीच आखिरकार गुरुवार से इटारसी में गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो गया। स्थानीय कृषि उपज मंडी खेड़ा परिसर में मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ तौल कांटों का विधिवत शुभारंभ किया गया। हालांकि किसानों ने अपना स्लाट पहले ही बुक करा लिया है, इसलिए शाम तक कोई किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा। इटारसी सोसायटी के प्रबंधक किशोर चौधरी ने कहा कि हमारी पूरी टीम उपार्जन केन्द्र पर मौजूद है, कोई किसान अनाज लेकर आएंगे तो खरीद की जाएगी।लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी नीलेश शर्मा और मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने संयुक्त रूप से कांटों का पूजन कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की।



## मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों में करोड़ों के फर्जीवाड़े का आरोप, भाजपा मंडल अध्यक्ष ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन में भारी गोलमाल का एक बड़ा मामला सामने आया है। सिवनी मालवा नगर मंडल अध्यक्ष (भाजपा) नीरज तिवारी ने ग्राम बराखड़ कला और दूधियावड़ स्थित मंदिर ट्रस्टों के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नीरज तिवारी के अनुसार, भगवान की संपत्तियों को ट्रस्टियों द्वारा अपने निजी लाभ और व्यापार का जरिया बना लिया गया है, जिससे हर साल मंदिरों को लाखों-करोड़ों रुपये का चूना लग रहा है।

श्री राम जानकी एवं राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट (बराखड़ कला) के पास लगभग 65-70 एकड़ और महावीर जी मंदिर (दूधियावड़) के पास करीब 15 एकड़ कृषि भूमि है। आरोप है कि ट्रस्टियों ने बिना किसी सार्वजनिक नीलामी के, आपसी मिलीभगत से इन जमीनों को मात्र 20 से 25 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से बांट दिया है।



वर्तमान में इन जमीनों का बाजार भाव 50 से 60 हजार रुपये प्रति एकड़ है। केवल दूधियावड़ मंदिर की जमीन से ही सालाना 7 से 8 लाख रुपये की आय हो सकती है, लेकिन इसे कम दर्शाकर निजी लाभ कमाया जा रहा है। नाले पर अवैध दुकानों का निर्माण और करोड़ों का खेलहरदा-नर्मदापुरम मुख्य मार्ग पर नाले के ऊपर बिना किसी शासकीय या विभागीय अनुमति के नवनिर्मित दुकानें तान दी गई हैं। इन दुकानों का भी बिना किसी नीलामी प्रक्रिया के आपसी सहमति से गुपचुप तरीके से आवंटन कर दिया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने प्रशासन को चेताते हुए कहा है कि वह इस पूरे मामले को संज्ञान में ले और उच्च स्तरीय जांच कराए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते प्रशासन ने मंदिर की संपत्तियों को संरक्षित करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कदम नहीं उठाए, तो यह मामला और भी उग्र रूप धारण कर सकता है।

### श्री महावीर जैन समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यकम

## जीवों के प्रति मैत्री भाव एवं विश्व शांति के लिए सकल जैन समाज ने किया सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विश्व शांति और मानवता के कल्याण के उद्देश्य से गुरुवार को समूचे भारतवर्ष के साथ इटारसी में भी विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया। श्री महावीर जैन समिति (सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक स्वर में नवकार मंत्र का उच्चारण कर शांति का संदेश प्रसारित किया।

गुरुवार प्रातः ठीक 8:02 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो 9:20 बजे तक निरंतर चला। इस दौरान जैन समाज के स्त्री-पुरुषों और युवाओं ने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक शहर से विश्व शांति की सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और समाज में सद्भावना पैदा करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नवकार महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अनादि मंत्र न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समस्त जीवों के प्रति मैत्री भाव भी जागृत करता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति की महत्ता को देखते हुए इस तरह के सामूहिक आयोजनों को आवश्यक बताया गया।



इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्ष अनिल जैन ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इटारसी जैन समाज सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से देश और दुनिया की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता रहा है।

### नवागत मुख्य महाप्रबंधक श्री शर्मा का नगरागमन पर स्वागत

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन राकेश शर्मा के नर्मदापुरम वृत्त में प्रथम आगमन पर हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी अगवानी की। शर्मा के प्रथम नगर आगमन पर मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ, नर्मदापुरम ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और भविष्य के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत करने वालों में पुलिन शास्त्री वृत्त अध्यक्ष, एलएन रैकवार संरक्षक, लक्ष्मीकांत मुराब सह सचिव, सत्यम सिंह बघेलवाल कार्यालय मंत्री, स्नेहिल चौधरी प्रचार मंत्री, राकेश अहाके संगठन मंत्री, विवेक चतुर्वेदी एवं राजीव चौरे सह सचिव सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने एसिड गटका दस दिन के बाद हुई मौत

**बैतूल।** बैतूल के टिकारी इलाके में एक विवाहिता की एसिड पीने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। अंजली (30) ने 29 मार्च को घर में किसी बात से नाराज होकर एसिड पी लिया था। उसे बैतूल, भोपाल और नागपुर के अस्पतालों में करीब दस दिनों तक उपचार दिया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद अंजली की हालत बिगडने पर परिजनों ने उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। भोपाल में भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद परिजन उसे नागपुर ले गए। नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंजली की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, अंजली की शादी लगभग दो साल पहले टिकारी निवासी रमाकांत (56) से हुई थी, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। यह दोनों की दूसरी शादी थी। अंजली का भी पहले पति से तलाक हो चुका था और उसका एक बेटा है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। चूंकि यह नवविवाहिता से जुड़ा मामला है, इसलिए तहसीलदार द्वारा भी बयान दर्ज कर जांच की गई है। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग डायरी तैयार कर कोतवाली पुलिस को भेज दी है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### योजना की नहीं मिल पा रही जानकारी, लोग परेशान



**शाहपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जानकारी के अभाव में नागरिक परेशान हो रहे है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पुत्र-पुत्री के विवाह के फार्म जमा करने के संबंध में लोगों को स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। फार्म जमा हो भी रहे है तो उसके बाद कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है कि उनका विवाह में नाम आएगा या नहीं। लोगों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 200 जोड़े ही विवाह में शामिल होंगे, उसका कोटा पूरा हो चुका है, परंतु फिर भी फॉर्म जमा किए जा रहे हैं। कई लोगों को फॉर्म जमा करने पर पावती नहीं मिल पाई है, सिर्फ उनका फॉर्म ले लिया गया है। दूर-दूर से अपना काम धंधा छोड़कर यहां फॉर्म जमा करने के लिए दो-दो, तीन-तीन दिन से परेशान हो रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें जानकारी नहीं मिल रही है कि उन्हें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ मिलेगा या नहीं। जनपद पंचायत शाहपुर में सूचना पटल पर किसी प्रकार की कोई भी सूचना नहीं लगी है, जिससे कि आम नागरिकों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। सूचना के अभाव में आम नागरिक परेशान हो रहा है।

### युवा संगम के तहत रोजगार मेला 16 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 16 अप्रैल को युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन महात्मा गांधी महाविद्यालय परिसर आठनेर में किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने रोजगार मेले का नोडल जिला रोजगार अधिकारी एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल प्राचार्य को नियुक्त किया है।

### प्रेमकुमार शेषकर का निधन, श्रद्धांजली आज

**बैतूल।** केन्द्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके के निज सहायक सागर शेषकर एवं समाजसेवी रोहित शेषकर के पिताजी 58 वर्षीय श्री प्रेमकुमार शेषकर का गत शनिवार 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था। श्रद्धांजली कार्यक्रम आज शुक्रवार 10 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक कस्तूरी बाग लॉन इटारसी रोड सदर बैतूल में है। शोकाकुल परिवार की ओर से सागर शेषकर ने शुभचिंतकों, परिजनों, इस्ट मित्रों से श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया है।

### बार-बार तारीख बढ़ने और भंडारण समस्या से किसानों ने बेची उपज

# खरीदी शुरू होने से पहले मंडी में बिका 1.13 लाख क्विंटल गेहूं!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के पहले ही बड़ी मात्रा गेहूं मंडियों में बिक चुका है। बडोरा मंडी में 1 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीदी हो गई। इसके अलावा भैंसदेही और मुलताई मंडी में भी गेहूं खरीदी की गई। जिससे यह साफ है कि किसान लंबे इंतजार और व्यवस्थाओं की सुस्ती के चलते बाजार में ही उपज बेचने को मजबूर हुए। अब 10 अप्रैल यानि आज से समर्थन मूल्य पर 64 केन्द्रों में गेहूं की खरीदी शुरू हो रही है। हालांकि 9 अप्रैल से जिले की मुलताई और शाहपुर कृषि मंडी में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू कर दी गई है। किसानों ने बताया कि समर्थन मूल्य में 16 मार्च से गेहूं खरीदी शुरू होने की संभावना थी, लेकिन यह तिथि बढकर 1 अप्रैल कर दी गई। इसके बाद शासन ने पुनः खरीदी की तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी। खरीदी को लेकर बार-बार तारीखे बढने और कर्ज सहित तीसरी फसल की तैयारी खाद-बीज की व्यवस्था और भंडारण की व्यवस्था नहीं होने के चलते किसानों को मंडी में गेहूं बेचना पड़ा। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल करीब 100 से लेकर 500 रूपये का नुकसान भी हुआ है।

#### 270 किसानों ने कराए स्लॉट बुक

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया जा रहा है कि गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है, जबकि मात्र 270 किसानों ने ही स्लॉट बुक किये है। इन किसानों से आज 10 अप्रैल से खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी की जायेगी। इसके लिए विभाग ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली है। खरीदी के लिए जिले में 64 केन्द्र बनाये है। इनमें मुलताई, शाहपुर मंडी के अलावा 11 स्व सहायता समूह और शेष केन्द्रों पर समितियों द्वारा गेहूं की खरीदी की जायेगी। बताया जा रहा है कि 9 अप्रैल से मुलताई और शाहपुर मंडी में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू भी कर दी है।

#### कई ने बेची उपज, तो कई किसानों ने बेहतर दाम के लिए किया स्टॉक

जिले में वैसे गेहूं की कटाई फरवरी के अंतिम सप्ताह और मार्च से ही शुरू हो चुकी और नई फसल की आवक को एक माह से अधिक समय हो चुका है। भंडारण की कमी के चलते कई किसानों ने मजबूरी में कम दामों पर गेहूं बेच दिया, वहीं कुछ किसानों ने बेहतर दाम की उम्मीद में उपज का स्टॉक रोक रखा है। बताया जा रहा है कि खुले बाजार (मंडी) में गेहूं के दाम 2100 से 2500 रूपये प्रति क्विंटल तक है, जबकि शासन ने गेहू बेचने पर किसानों को समर्थन मूल्य 2585 रूपये और 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस कुल 2625 रूपये तय किया है। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 100 से 500 रूपये का फायदा होगा।

#### बडोरा मंडी में 1 लाख 13 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी

जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी बडोरा में पिछले कई दिनों से नये गेहूं की आवक शुरू हो गई है। यहां 1 मार्च से लेकर 8 अप्रैल तक 1 लाख 13 हजार 600 क्विंटल गेहूं किसानों ने बेच दिया है। हालांकि इस साल जिले में करीब 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर में किसानों ने गेहूं की फसल की बुआई की है। इस बार गेहूं के रकबे में लगभग 6 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। इस अनुपात से उम्मीद जताई जा रही है कि समर्थन मूल्य में भी गेहूं की बंपर खरीदी हो सकती है, क्योंकि समर्थन मूल्य में गेहूं के दाम खुले बाजार की अपेक्षा अधिक मिल रहे है। जिससे समर्थन मूल्य के प्रति किसानों को अधिक रूझान देखा जा रहा है।

#### इनका कहना है

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये है। जिसमें से शाहपुर और मुलताई मंडी में 9 अप्रैल से खरीदी शुरू करवा दी गई है। शेष केन्द्रों पर आज से गेहूं की खरीदी शुरू हो जायेगी। गेहूं बेचने के लिए 270 किसानों ने स्लॉट बुक किये है।

- **कृष्ण कुमार टेकाम**, जिला अपूर्ति अधिकारी, बैतूल

### आरोपी ने कबूल किया अपराध

## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर, वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच कोतवाली पुलिस ने एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई बाइक बरामद की है। शहीद कॉलोनी निवासी नानू धुर्वे ने 1 मार्च 2026 को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि उनकी बाइक भारत भारती स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से चोरी हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, पुलिस ने रामनगर गंज निवासी 32 वर्षीय आकाश लोट को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हीरो कंपनी की काले रंग की बाइक (एमपी 48 जेडजे 4145) बरामद की। बरामद बाइक की अनुमानित कीमत करीब 65 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आकाश लोट के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस टीम और साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अधिकारियों ने किया स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण



**बैतूल/कोलगांव।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बडोरा, सेहरा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण सहायक संचालक इंदु बचले एवं परख जैन की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, शासकीय योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं, की जानकारी जुटाना था। अधिकारियों ने निशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क साइकिल वितरण हुआ या नहीं एवं समय सीमा पर शिक्षक उपस्थित हो रहे या नहीं आदि जानकारी बच्चों से हासिल की। सरकार द्वारा चलाई जा रही 14 वर्ष की छात्राओं को टीकाकरण के बारे में भी जानकारी ली। कोलगांव में सबसे ज्यादा बच्चे उपस्थित पाए। जिसे सहायक संचालक इंदु बचले ने स्कूल की प्रशंसा की। इस मौके पर संकुल प्राचार्य भोजराज पोटफोडे, कमलेश लोहारे के साथ राजेंद्र साहू लेखपाल मौजूद रहे।

## नल-जल योजना संचालन के लिए पंप चालकों को प्रशिक्षण



**बैतूल।** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं को सुचारू और स्थायी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बैतूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड बैतूल के निर्देशन एवं जनपद पंचायत बैतूल की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समन्वय से आयोजित इस प्रशिक्षण में 60 ग्रामों के पंप चालकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह मेनवे, उपयंत्री रामेश्वर लोखंडे एवं विकासखंड समन्वयक श्री संदीप सिरसाम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंप चालकों को नल-जल योजना के विभिन्न अवयवों ट्यूबवेल, मोटर पंप, उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल, पाइपलाइन, पंप हाउस, वाल्व चैंबर, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत कनेक्शन की देखरेख, मरम्मत और प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें प्रतिदिन, मासिक, छमाही और वार्षिक आधार पर किए जाने वाले कार्यों से भी अवगत कराया गया। विशेष रूप से यह बताया गया कि मोटर पंप कितने घंटे संचालित हो रहा है, जल आपूर्ति की अवधि, विद्युत खपत, पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट जैसी जानकारियों का नियमित रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। साथ ही टंकियों, सम्पवेल और वाल्व चैंबर की नियमित सफाई तथा लीकेज सुधार जैसे संधारण कार्यों पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण में पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा साल में कम से कम दो बार प्रयोगशाला में जल परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पंचायत स्तर पर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से हर माह जल नमूनों की जांच करने की प्रक्रिया समझाई गई। जल संरक्षण, जल स्रोतों के रिचार्ज तथा पेयजल के अपव्य को रोकने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### तत्काल प्रभाव से दो निलंबित

## कर्तव्यों के निर्वहन में अपचार के दोषी पाए जाने पर संभागायुक्त ने की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदारोटी विकासखंड बैतूल के श्री धनराज सूर्यवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सूर्यवंशी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र निरस्त करने एवं रोके गए वेतन जारी करने के एवज में शिक्षकों से रिश्वत की मांग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले की प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए गए। जारी आदेश में उल्लेखित है कि प्राचार्य धनराज सूर्यवंशी एवं प्राथमिक प्रयोगशाला शिक्षक कलेश यादव शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में अपचार के दोषी पाए गए हैं। यह कृत्य गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्राचार्य धनराज सूर्यवंशी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम 9 (1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल नियत किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में श्री सूर्यवंशी को मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

इसके अलावा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल भूपेंद्र वरकड़े ने कलेश यादव प्राथमिक शिक्षक प्रयोगशाला को भी उक्त प्रकरण में ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम 9 (1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बैतूल रहेगा। निलंबन अवधि में संबंधित को नियम अनुसार जीवन निर्वाह भक्ति की पात्रता होगी।

### अलग-अलग स्थानों पर 19 हजार से अधिक की मदिरा

## मुलताई पुलिस ने 7 आरोपियों से 42 लीटर से अधिक अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



थाना मुलताई पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42.54 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 19,520 बताई जा रही है।


थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 8 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर मुलताई कस्बा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से शराब बेचते हुए कुल 7 आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 42.54 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसमें 103 पाव देशी शराब,43 बीयर शामिल हैं,लाइसेंस नहीं दिखाने पर कार्रवाई पूछताछ के दौरान आरोपियों से शराब रखने एवं विक्रय संबंधी वैध लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन कोई भी आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए। गिरफ्तार आरोपी में पप्पू पिता कालिया सिंह राजपूत, निवासी वलनी, जितेन्द्र उर्फ मोटू पिता अमरलाल पवार, निवासी अंबेडकर वार्ड, अजय पिता पंजाबराव संतापे, निवासी बूकाखेड़ी,विकास पिता विजय पवार, निवासी कामथ, सोनिया पति लक्ष्मण भुमरकर, निवासी कामथ, विशाल पिता रमराव बोडखे, निवासी पारडसिंगा,रूपराव पिता काष्या चढोकर, निवासी कामथ शामिल है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार के साथ उपनिरीक्षक सुनील सरेयाम, प्रधान आरक्षक दिनेश बर्डे, गजराज, सुशील कुमार धुर्वे, आरक्षक पुष्पा धुर्वे, अरविन्द, नरेन्द्र कुशवाह, प्रिंस, विवेक एवं महिला आरक्षक छाया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### अवैध शराब पर कार्रवाई पर उठे सवाल

पुलिस इसे बड़ी कार्रवाई बता रही है। हमारा भी निवेदन है कि जनता भी इसे बड़ी कार्रवाई ही माने। इस कार्रवाई में जप्त शराब और उसके मूल्य को सात लोगों में विभाजित किया जाए तो प्रति आरोपी लगभग 6 लीटर शराब और करीब 3,000 मूल्य की जब्ती सामने आती है, जो कि बड़ी कार्रवाई है। लोगों का मानना है कि पवित्र नगरी में शराबबंदी लागू हो, इसके लिए औपचारिकता के बजाय सप्लाई चैन पर कार्रवाई होना चाहिए। जानकारों की माने तो अब अवैध शराब व्यापार प्रतिदिन कई लाख रुपए तक पहुंच गया है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर में 831 गर्भवती की जांच, 369 हाईरिस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि जिले में 09 अप्रैल को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 831 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 369 हाई रिस्क चिन्हित किया गया। इसके अलावा 82 सोनोग्राफी की गईं।

शिविर में सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. प्रतिभा नरवरे इवने द्वारा 106 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 30 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया, 82 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूपल श्रीवास्तव द्वारा 38 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें हाई रिस्क 38 महिलाएं पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ महिमा सिंह द्वारा 93 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 26 हाई रिस्क महिलाएं पाई गईं। सिविल अस्पताल आमला में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ ईवान जेम्स द्वारा 65 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें हाई रिस्क 25 महिलाएं पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रेया देवकते द्वारा 168 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 33 महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में स्त्री रोग चिकित्सा डॉ ज्योति सांवले द्वारा 33 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 25 हाई रिस्क महिलाएं पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ रामलखन प्रजापति द्वारा 121 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 61 हाई रिस्क महिलाएं पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ सोनाली मरकाम द्वारा 24 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 15 हाई रिस्क महिलाओं की जांच की गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ सरिता कालभोर द्वारा 60 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 38 हाई रिस्क महिलाएं पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घो?ाडोंगरी में स्त्री रोग चिकित्सक (पीजीएमओ) डॉ कविता कोरी द्वारा 70 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 55 हाई रिस्क महिलाओं की जांच की गईं।

### रैली निकाली राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार 9 अप्रैल को कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। शिवाजी ऑडिटोरियम में आयोजित विशाल जनसभा के बाद हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जनसभा में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि गेहूं खरीदी में देरी, समर्थन मूल्य नहीं मिलने, ओलावृष्टि से नुकसान और खाद की कमी जैसी समस्याओं से किसान परेशान हैं, लेकिन शासन स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूरी में किसान अपनी उपज कम दामों पर बेचने को विवश हैं। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने किसानों और आमजन से जुड़ी कई प्रमुख मांगें रखीं। इसमें मुलताई, आठनेर, चिचोली सहित अन्य क्षेत्रों में ओलावृष्टि से खराब फसलों का सर्वे कर मुआवजा देने और रंगविहीन गेहूं की खरीदी की मांग की गई। साथ ही गेहूं का 3000 रुपये, मक्का का 2400 रुपये और सोयाबीन का 6000 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित कर खरीदी शुरू करने की बात कही गई।

किसानों को 14 घंटे बिजली आपूर्ति, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, खाद-यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने की मांग भी प्रमुख रही। सहकारी ऋण वसूली की तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाने और ब्याज माफ करने, बिजली चोरी व नरवाई जलाने के नाम पर दर्ज प्रकरण खत्म करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जोड़ों की संख्या बढ़ाने, मेंढा डेम प्रभावित ग्राम ढोल्यामहु के विस्थापितों के पुनर्वास और आदिवासी अंचलों में पेयजल समस्या के समाधान की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दिए गए बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग भी की गई। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा, विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, गोविंद व्यास, ब्रजभूषण पांडे, रामू टेकाम, समीर खान, लवलेश बब्बा राठौर सहित सैकड़ों किसान और कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

#### गैस सिलेंडर की अर्थी निकालकर किया विरोध

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस के बढ़ते दाम और किल्लत के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर की अर्थी निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया। इसके बाद सिलेंडर का दहन कर केंद्र की नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार की कथित गलत नीतियों को लेकर जमकर नारेबाजी की और महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा।

**खबर संक्षेप**

### जन अभियान परिषद ने प्याऊ का किया शुभारंभ

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने सेक्टर नंबर 3मे नवांकुर सागर सामाजिक कल्याण द्वारा जल मंदिर एवं गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। विकास खण्ड समन्वयक दयाशंकर उभरे संस्थान अध्यक्ष दुर्गेश गोस्वामी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर शुभारंभ किया।याद रहे पिपरिया ब्लाक में सेक्टर समन्वयक केदारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ गतिविधियों का आयोजन

**नर्मदापुरम।** गुरुवार "पोषण पखवाड़ा 2026 (09 से 23 अप्रैल 2026)" के अंतर्गत परियोजना इटारसी के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर "माता एवं शिशु पोषण" थीम के तहत विभिन्न सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों की माताओं के साथ पोषण विषयक सामूहिक चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) आयोजित की गई। चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों को संतुलित आहार, स्तनपान का महत्व, पूरक आहार की सही विधि, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं बच्चों के समुचित विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लाभार्थियों को स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक आहार तैयार करने के तरीके बताए गए।

**जनगणना 2027-** नगर परिषद ने शुरू की शहर में मकानों के आधार पर ब्लॉक डीमार्किंग

# मकान सूचीकरण के लिए काटे जा रहे ब्लॉक्स के नक्शे, तय हुए 37 ब्लॉक्स

सोहागपुर नगर परिषद में मकान सूचीकरण कार्य संपन्न हो चुका था। और अब नक्शे पर ब्लॉक डीमार्किंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके आधार पर मई 2026 में जनगणना 2027 का मैदानी काम शुरू किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जनगणना 2027 कार्यक्रम के अंतर्गत सोहागपुर नगर परिषद में मकान सूचीकरण कार्य संपन्न हो चुका था। और अब नक्शे पर ब्लॉक डीमार्किंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके आधार पर मई 2026 में जनगणना 2027 का मैदानी काम शुरू किया जाएगा।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गत माह शहरी क्षेत्र में मकान का सूचीकरण कार्य संपन्न हुआ है। इसके अलावा मकानों का सर्वे भी हुआ व मकान नंबरिंग कार्य भी संपन्न किया जा चुका है। और अब निकाय द्वारा शहर स्थित सभी मकानों के आधार पर शहरी क्षेत्र में ब्लॉक की डीमार्किंग अर्थात शहर के नक्शे पर चिन्हांकन का कार्य प्रारंभ किया गया है। गुरुवार दोपहर नगर परिषद कार्यालय में सरला सनकत तथा हरगोविंद व्यास की उपस्थिति में नीरज मलैया द्वारा सोहागपुर शहर के नक्शे को जनगणना पोर्टल पर ब्लॉक्स आधार पर डीमार्क करने का कार्य शुरू किया गया है। नीरज मलैया ने पूछताछ में बताया कि लाल रंग के द्वारा जनगणना पोर्टल पर उपलब्ध सोहागपुर शहर के नक्शे को ब्लॉक आधार पर डी-मार्क किया जा रहा है। अर्थात प्रत्येक ब्लॉक को लाल रंग के माध्यम से चिन्हित जा रहा है। जिसके बाद प्रत्येक ब्लॉक में मकान की नंबरिंग व सूचीकरण के आधार पर मई 2026 माह से जनगणना शुरू की जाएगी।




### 35 प्रगणक तय किए गए, एक ब्लॉक पर एक प्रगणक

सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में प्रत्येक ब्लॉक के लिए एक प्रगणक तैनात किया गया है। जिसके द्वारा अपने निर्धारित ब्लॉक क्षेत्र में भ्रमणकर नागरिकों से जनगणना 2027 के अंतर्गत विवरण प्राप्त किए जाएंगे। तथा इन्हें संबंधित प्रपत्रों में दर्ज किया जाएगा। सीएमओ शर्मा ने बताया कि शहर में 37 ब्लॉक्स तय किये गए हैं। तथा प्रत्येक ब्लॉक पर एक प्रगणक नियुक्त किया गया है। जानकारी अनुसार 37 में से 35 ब्लॉक्स में जनसंख्या 800 के लगभग ली गई है। जबकि दो ब्लॉक्स 300 से कम जनसंख्या के हैं। नगर परिषद से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर में जनगणना 2027 कार्यक्रम के लिए कुल 35 प्रगणक तय किए गए हैं। जबकि चार प्रगणक रिजर्व नियुक्त हैं। प्रगणकों के कार्य की निगरानी के लिए छह सुपरवाइजर्स नियुक्त किए गए हैं हैं। रिजर्व में एक सुपरवाइजर को नियुक्त किया गया है।

### 800 जनसंख्या का एक ब्लॉक

सोहागपुर नगर परिषद में जनगणना कार्य देख रहे संजय परसाई ने बताया कि शहरी क्षेत्र में गत माह मकान की नंबरिंग का कार्य किया गया है। जिसके आधार पर ब्लॉक्स बनाए गए हैं। संजय परसाई ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम 800 की जनसंख्या को शामिल किया गया है। कई वार्डों में इस स्थिति को देखते हुए दो अथवा दो से अधिक ब्लॉक निर्मित किये गए हैं। क्योंकि प्रत्येक ब्लॉक में 800 की जनसंख्या सम्मिलित की गई है। परसाई ने बताया कि डीमार्किंग के बाद प्रत्येक ब्लॉक में शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार जनगणना का कार्य प्रगणकों के द्वारा संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रगणक घर-घर जाकर केंद्र सरकार की नियमावली का पालन करते हुए नागरिकों से सवाल पूछेंगे। सभी जवाब विवरणिका में दर्ज होंगे, ताकि भारत की जनगणना का पूर्ण व शुद्ध डाटा भविष्य में प्राप्त किया जा सके।

# रामगंज के तीखे मोड़ पर पलटा ट्रक, बड़ी दुर्घटना टली

**स्कूलों के लगने के समय पर हुआ हादसा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में नर्मदापुरम् मार्ग स्थित रामगंज मोड़ पर बुधवार सुबह ट्रक क्रमांक एमएच 27 बीएक्स 9091 के पलटने से ड्राइवर सहित चार लोग घायल हुए थे। जनता के अनुसार जब ट्रक पलटा तब रोड से दर्जनों विद्यार्थी स्कूल जा रहे थे।

ट्रक चालक प्रेमचंद साहू निवासी बैतूल ने पुलिस को बताया कि वह बैतूल से ट्रक में चने के बोरे भरकर पिपरिया जा रहा था। तब एक बाइक मोड़ पर बीच सड़क पर आ गई, जिसे बचाने में ट्रक पलट गया। पुलिस ने बताया कि घटना में घायल ट्रक चालक प्रेमचंद, क्लीनर व दो अन्य लोगों का सोहागपुर शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया है।

### टली बड़ी दुर्घटना

घटना के प्रत्यक्षदर्शी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी सहित आसपास के रहवासियों ने बताया कि रामगंज मोड़ से घटना के समय स्कूली बच्चे आ-जा रहे थे। नागरिकों ने कहा कि मोड़ लगभग 90 अंश पर बना हुआ है। जिसके बाहरी सिरे पर गिट्टी, रेत व बजरा पड़े रहते हैं तथा मोड़ के बाहरी सिरे पर गिट्टी, रेत एवं बजरे के कारण टायर स्लिप होते हैं। स्टेरिंग घुमाने पर भी वाहन नहीं मुड़ता है। तब या तो वाहन पलटता है या समीप स्थित स्कूल की बाउंड्रीवाल से टकराता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मोड़ पर संकेतक लगाए जाएं तथा अनावश्यक सामग्री रखने की अनुमति ना दी जाए। साथ ही मोड़ के दोनों ओर पर्याप्त दूरी पर ब्रेकर्स बनाया जाएं।

### शासकीय माध्यमिक शाला में सेवा कार्य

**सिवनी मालवा।** सामाजिक संस्था सखी मंच द्वारा ग्राम बटकी के शासकीय माध्यमिक शाला में एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। संस्था की ओर से विद्यालय को पानी की केन एवं 1100 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## ई-विकास पोर्टल द्वारा ई-टोकन से उर्वरक विक्रय कड़ाई से हुआ लागू, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



ई-विकास पोर्टल द्वारा ई-टोकन से उर्वरक विक्रय लागू हो गया है। मप्र में यह कार्य एक अप्रैल से अनिवार्य रूप से लागू हो गया है। सोहागपुर क्षेत्र में भी उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी तथा व्यवस्थित बनाने कृषि विभाग सक्रिय हो गया है।

सोहागपुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि प्रणाली के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये कृषि विभाग द्वारा सख्ती बढ़ा दी गई है। बर्डे ने बताया कि कृषि उप संचालक डॉ. आरके सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड सोहागपुर में निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जांच की गई है। इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन तथा भौतिक स्टॉक का मिलान किया गया। सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि खाद वितरण शत प्रतिशत ई-टोकन प्रणाली से किया जाए। ई-टोकन के बिना किसी भी कृषक को उर्वरक विक्रय ना करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। कृषि विभाग ने यह भी निर्देशित किया कि सभी विक्रेता स्टॉक व विक्रय सम्बन्धी जानकारी नियमित रूप से अद्यतन रखें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सामाजिक सहायो से वाल्मीकि मंदिर का निर्माण कार्य हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के मालवीय गंज स्थित हरिजन मोहल्ला में वाल्मीकि समाज की आस्था के केंद्र वाल्मीकि मंदिर के नवनिर्माण में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी। समाज के पटेल और पंचायत के विशेष आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग से मंदिर की सीमेंट की छत डालने का कार्य किया। इस मंदिर की नींव करीब 70 वर्ष पूर्व समाज के बुजुर्गों—बालकिशन बैनीवाल, कन्हैया बासु, राजकुमार, नन्हे एवं नत्थू द्वारा रखी गई थी, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते निर्माण कार्य अधूरा था, जो अब समाज की एकजुटता से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। छत डालने के इस पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज में भारी उत्साह देखा गया। समाज के पटेल दिलीप मैना और वाल्मीकि पंचायत ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए दान राशि और श्रमदान के माध्यम से इस कार्य को गति दी।

## राज्य कर्मचारी संघ ने की सोहागपुर ब्लॉक व तहसील कार्यकारणी की घोषणा, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी व राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारी संगठन की सोहागपुर ब्लॉक तथा तहसील कार्यकारिणी की घोषणा गत दिवस की गई है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन ने बधाई दी है।

संगठन जिलाध्यक्ष अंजू नरोलिया तथा सचिव शैलेन्द्र सिंह तोमर ने सोहागपुर ब्लॉक एवं तहसील कार्यकारणी के निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की। जिसमें राजेश दीक्षित को सोहागपुर तहसील अध्यक्ष, भरत साहू को तहसील सचिव एवं अजय भिंडे को कोषाध्यक्ष तय किया गया है। वहीं ब्लॉक की कार्यकारिणी में अनुरुद्ध शाह अध्यक्ष, मैथली शरण पटेल सचिव तथा भाईसाब पटेल कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं। इन नियुक्तियों पर संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष तरवर सिंह पटेल, बीआरसी राकेश रघुवंशी, प्राचार्य सुनीता गढ़वाल, अरुण रघुवंशी, शकील खान, लखनलाल अहिरवार, रघुनंदन पाली, भाई जी अमरवंशी, जेके बैरागी, अजय डोगरा, प्रमोद परसाई, नरेन्द्र साहू, अशोक गज्जाम, बलराम उइके, रितु सोनी, सारिका देवलिया, डॉली सराठे, साक्षी साहू, सोनल भावसार, हीरामणि साहू, अभिलाषा मीना, आरती साहू, विनोद पटेल, सोनम रावत, प्रदीप दुबे, अमित दीक्षित, अनिल मालवीय, मनीष चौधरी, नागेंद्र सराठे, मनीष पूरी गोस्वामी एवं साथी कर्मचारियों ने बधाई दी है।

## गुरूद्वारे में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनेगा का बैसाखी पर्व

**गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा में कार्यक्रम हुए शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर के जयस्तंभ चौक स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा में इन दिनों आध्यात्मिक रौनक देखते ही बन रही है।

सिख धर्म के महान गुरु, श्री गुरु अर्जुन देव एवं श्री गुरु तेग बहादुर के पावन प्रकाशोत्सव तथा खालसा पंथ के स्थापना दिवस 'बैसाखी' के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है। भक्ति, शक्ति और सेवा के संकल्प के साथ आयोजित ये कार्यक्रम 13 अप्रैल तक जारी रहेंगे, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरकत कर रहे हैं। आयोजनों का विधिवत शुभारंभ मंगलवार, 7 अप्रैल को बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ किया गया। सुबह समूह साध संगत द्वारा श्री सुखमनी साहिब के पाठ के उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया। इस अवसर पर हजूरी रागी जत्था भाई अजीत सिंह ने अपनी मधुर आवाज में वैराग्यमयी गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर उपस्थित संगत को निहाल किया।

इसी कड़ी में राजेन्द्र सिंह सलूजा परिवार ने श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ भी कराया, जिससे पूरा वातावरण गुरु की महिमा से सराबोर हो उठा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सेवादार सरदार जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि उत्सव के दौरान विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 11 अप्रैल से बैसाखी उत्सव का मुख्य चरण शुरू होगा, जिसमें श्री अखंड पाठ साहिब के साथ-साथ स्त्री सत्संग द्वारा कीर्तन किया जाएगा।

12 अप्रैल की सुबह शहर के लिए बेहद खास होगी, जब तड़के 5:30 बजे गुरुद्वारा श्री गुरुनानकपुरा से एक विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से कीर्तन करते हुए गुजरेगी और जयस्तंभ चौक स्थित गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर विसर्जित होगी। कार्यक्रम का मुख्य समापन 13 अप्रैल को होगा, जो बैसाखी के पावन पर्व का प्रतीक है। इस दिन श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले जाएंगे और विशेष दीवान में बठिंडा से पधारे रागी जत्था भाई लखविन्दर सिंह जी विशेष रूप से कीर्तन पेश करेंगे। समापन के अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। प्रबंधक कमेटी ने इस दौरान 'अमृत छको, सिंह सजो' का संदेश देते हुए युवाओं और संगत को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है।

कमेटी के पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इन धार्मिक आयोजनों में सपरिवार उपस्थित होकर गुरु साहिबान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## एनसीईआरटी की किताब गायब, लगा पुस्तक की जगह कापी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 4 दिवसीय पुस्तक मेला का विकास खण्ड स्तरीय मेला लगाया गया। लेकिन लगातार 4दिन से सी बी एस सी की किताब सोनी पुस्तक दुकान वाले ने लाकर टेबल पर सजाई गई थी। लेकिन अभी तक कोई भी दुकान पर एन सी ई आर टी सी किताब के नाम पर चल रहे सिंडिकेट के खिलाफ आवाज उठाने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एन एस यू आइ सहित अन्य सभी संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपा गया है।

लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। मेला समापन पर पाया गया कि दोपहर 11बजे से 4बजे तक मेला का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन सोनी पुस्तक दुकान, गुरुनानक, माहेश्वरी सहित अन्य एक ड्रेस विक्रेता ही नजर आए। दुकान पर सिर्फ कापी, रजिस्टर पेंसिल आदि ही रखें हुए थे। पिपरिया में लगभग 68, विद्यालय है। मेला में सिर्फ वही दावेदार पहुंचे जिन्होंने कापीयानही खरीदी थी। गुरुनानक के बोर्ड पर लिखा गया था।पेशकार फेविक्विक एम सील पेंसिल पेन कापीया ही दर्ज थे। पुस्तक का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। माहेश्वरी ने रजिस्टर पेंसिल कापी,कवर रोल ही रखा गया था।इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही थी। फिर भी वी आर सी प्रदीप शर्मा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने कोई कार्रवाई नहीं की गई।



श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि नोटिस जारी किए गए हैं। कार्यवाही की जावेगी। पहले दिन 2दुकान, दुसरे दिन 4दुकान 3तीसरे दिनचौथे दिन पर भी शासकीय अधिकारियों को गुमराह किया गया। अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी नदारद रहे। अब देखना है कि कार्यवाही होती है या नहीं या पालक बच्चे सभी परेशान हैं।

**माखन नगर सामूहिक जाप सम्पन्न**

# विश्व शांति हेतु गूंजा नवकार मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर




विश्व शांति एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से मनाए गए विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर बाबई स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया गया। देश-विदेश में एक साथ आयोजित इस अभियान में हजारों लोगों ने भाग लेकर शांति और सद्भाव का संदेश दिया मंदिर परिसर में प्रातः 08:01 बजे से 09:36 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में नवकार मंत्र का जाप कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नवकार महामंत्र की शक्ति के माध्यम से जन-जन में शांति, सकारात्मकता एवं अहिंसा का संदेश पहुंचाना रहा। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने बताया कि यह मंत्र संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है तथा मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में सकल जैन समाज, माखन नगर के सदस्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। आयोजन समिति द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सामूहिक मंत्रोच्चार से विश्व में शांति, सद्भाव और भाईचारे का वातावरण निर्मित होगा।

## भाजपाईयों ने मनाया सोहागपुर विधायक सिंह का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह का जन्मदिवस गुरुवार को भाजपाईयों ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपाईयों ने फल वितरण कार्यक्रम किया एवं पौधारोपण भी किया है।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह के जन्म दिवस पर गुरुवार को नगर के शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये गए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश माहेश्वरी, अभय खंडेलवाल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, संजय खंडेलवाल, यशवंत पटेल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर सौरभ गोलू अग्रवाल, मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, पार्षदद्वय रवि उईके तथा गौरव पालीवाल आदि मौजूद रहे।

## सुखतवा कॉलेज में 'सोमनाथ स्वाभिमान संवाद' के जरिए विद्यार्थियों ने जानी गौरवशाली विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के संरक्षण में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का गरिमामय आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्र चेतना और गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रवीण कुमार कुशवाहा ने मंदिर के गौरवशाली इतिहास को राष्ट्र की पहचान बताया, वहीं डॉ. राधा आशीष पांडे ने प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में इसकी अलौकिक शक्ति और परंपरा की जानकारी साझा की।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मंदिर स्थापत्य को भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण का स्त्रोत बताते हुए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश ठाकरे ने किया एवं आभार डॉ. प्रवीण कुशवाहा ने माना। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रंगोली व चित्रकला से जल संरक्षण का संदेश

**हरदा।** नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खिरकिया के सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक चित्र व रंगोली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध 11 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के खेड़ीपुरा, ग्राम बीड़, केलनपुर, मसनगांव, नयागांव, गोदड़ी, गोंदागांव, बिरजाखेड़ी व रूंदलाय में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 13 पाव देशी प्लेन शराब, 34 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 670 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 74788 रूपये है।

### अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आज से

**हरदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिले में जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रमों के आयोजन के लिये जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### तकनीक आधारित कृषि जरूरतः कलेक्टर

**सीहोर।** जिले की इछावर तहसील के भाउखेड़ी आजीविका पार्क में कलेक्टर बालागुरू के. ने एनआरएलएम अंतर्गत गठित आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फील्ड प्रक्षेत्र में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित प्रिसिजन फार्मिंग केंद्र का लोकार्पण किया। यह परियोजना नाबार्ड, जियो कृषि, जैन इरिगेशन एवं सीपा संस्था के अभिसरण से विकसित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव एवं नाबार्ड की सीजीएम सी. सरस्वती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है।

### अवैध रेत उत्खनन पर की कार्रवाई

**रेहटी।** नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 पनडुब्बियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई देर रात रेहटी क्षेत्र के बाबरी नर्मदा रेत घाट पर की गई। रेहटी प्रभारी तहसीलदार युगविजय सिंह और रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से दबिश दी।

### कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# विकास कार्यों की प्रगति, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति और सरकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने ग्राम खेड़ा में उपार्जन केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो और उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी व सुचारू बनी रहे। पर्यावरण के प्रति जागरूकता और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ग्राम खेड़ीनीमा और नयापुरा में संचालित ह्यएक बगिया माँ के नामह्न अभियान के कार्यों का भी उन्होंने अवलोकन किया। उन्होने अधिकारियों को जैविक खाद के उपयोग तथा फलदार वृक्ष लगाने के लिये नागरिकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए पौधों की बेहतर देखरेख करने तथा पौधों की सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने हंडिया स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 तथा ग्राम मांगरूल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्माणाधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का निरीक्षण किया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित उपयंत्री अमित चौकीकर को नोटिस जारी करने के निर्देश जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन को दिये। इस दौरान उन्होने पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से बच्चों व गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराये जा रहे टीएचआर की जानकारी ली। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को आंगनवाड़ी में ज्ञानवर्द्धक गतिविधियां कराई जाए। उन्होने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिये।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम नयापुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और हंडिया स्थित पीएमश्री स्कूल का भी दौरा किया। उन्होंने वहां शिक्षा की गुणवत्ता, अधोसंरचना और छात्र-छात्राओं को मिल रही सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हंडिया में पीएम श्री स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रधान पाठक घुड़ेराम चौरसिया का एक माह का वेतन तथा जनशिक्षक अनुप शर्मा के अनुपस्थित पाये जाने पर एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होने ग्राम नयापुरा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान वहां चल रहे एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं की उपस्थिति टीकाकरण हेतु सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वजीत पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायत की जांच जारी

# परिवार के सदस्यों में जमीन विवाद को लेकर मारपीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सिटी कोतवाली थाने से कुछ ही दूरी पर एक परिवार के सदस्यों के बीच जमीन विवाद को लेकर मारपीट हो गई। यह घटना संकल्प अपार्टमेंट स्थित एक स्टाम्प वेंडर की दुकान पर हुई, जहां पैतृक भूमि की रजिस्ट्री कराने के लिए परिवार के सदस्य एकत्र हुए थे। विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया, जिसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि यह पारिवारिक विवाद है, और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पानतलाई निवासी लखनलाल मालवीय, कमल और दिनेश अपनी बहनों के साथ चार एकड़ पैतृक जमीन बेचने के लिए रजिस्ट्री कराने आए थे। इस दौरान ग्राम जटपुरा निवासी उनकी बहन वसु बाई सेन और उनके बेटे दीपक भी वहां पहुंचे। जमीन बेचने की बात को लेकर उनके बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। लखनलाल मालवीय ने बताया कि वे चार भाई और चार बहनें हैं, जिनके हिस्से में आधा-आधा एकड़ पैतृक भूमि आई है। वे अपनी हिस्से की जमीन गांव के किसान कमल बांके को बेचने के लिए रजिस्ट्री करा रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी बहन वसुबाई अपनी हिस्से की जमीन नहीं बेचना चाहती थीं, और इसी बात को लेकर उन्होंने स्टाम्प वेंडर की दुकान पर आकर विवाद शुरू कर दिया। लखनलाल के अनुसार, उनके बेटे दीपक ने मारपीट शुरू कर दी, जबकि उन्हें बताया गया था कि वसुबाई के कोई दस्तावेज नहीं लगाए गए हैं। वहीं, जटपुरा निवासी वसुबाई सेन का आरोप है कि उन्हें भाइयों और बहनों द्वारा उनके हिस्से की जमीन धोखे से बेचने की सूचना मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आठ हिस्से की जगह मात्र सात हिस्से कर भाइयों और उनके बेटों द्वारा जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके चलते वे हरदा आई थीं।

### गेहूं का दाम 3000 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग

# कांग्रेस ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरुवार को कांग्रेस ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गेहूं और मक्का की तत्काल खरीदी शुरू करने तथा गेहूं का दाम 3000 रुपए प्रति क्विंटल करने की मुख्य मांगों पर केंद्रित था। कांग्रेस नेताओं ने कृषि उपज मंडी से पैदल मार्च शुरू किया, जो कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां पुलिस ने गेट पर रास्ता रोक दिया, जिसके बाद कांग्रेसी गेट के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने ढोलक-मंजीरे बजाकर भजन और गाने गाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने ढोलक-मंजीरे बजाकर भजन और गाने गाए। इस प्रदर्शन में दोनों विधायक अभिजीत शाह (टिमरनी) और डॉ आर के दोगने (हरदा) कंधे पर गेहूं की बोरी लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे, जो किसानों की समस्याओं को उजागर करने का एक प्रतीकात्मक तरीका था।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में गेहूं और मक्का की तत्काल खरीदी शुरू करना शामिल था। उन्होंने किसानों से खरीदी की अधिकतम 100 क्विंटल की सीमा हटाने और उनसे पूरा गेहूं खरीदने की मांग की। इसके अतिरिक्त, मूंग की फसल के लिए हरदा जिले में 50 दिनों तक 2200 क्यूसेक पानी नियमित रूप से उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। पुलिस ने गेट पर रास्ता रोक दिया तो कांग्रेसी गेट के सामने धरने पर बैठ गए। कांग्रेस ने किसानों से बिजली बिल वसूली को समर्थन मूल्य भुगतान आने तक रोकने की मांग की। साथ ही, हरदा जिले की मंडियों में उपज बेचने वाले किसानों को समर्थन मूल्य और मंडी भाव के अंतर की राशि देने की बात कही गई। उन्होंने मूंग की खरीदी के लिए तत्काल पंजीयन शुरू करने की भी मांग की, यह सवाल उठाते हुए कि उड़द के पंजीयन क्यों हो गए और मूंग के क्यों नहीं।

# चार स्थानों से मोबाइल छीनने वाले दो को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 8 अप्रैल को चार अलग-अलग स्थानों से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छीने गए चार मोबाइल और बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फरियादी अखिलेश कड़ोले और सुभान खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बिना नंबर की पल्सर बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके हाथों से मोबाइल झपटकर भाग गए थे। घटना के बाद पुलिस ने शहर के करीब 100 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। आरोपियों का पता लगाने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया गया। 8 और 9 अप्रैल की दरमियानी रात खेड़ीपुरा नाके के पास सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध दिखे दो युवकों को रोका गया।

पूछताछ में उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं और उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान देव कॉलोनी निवासी मोहम्मद नदीम (22) और सूरत में रहने वाले उसके साले मोहम्मद मुस्तफा (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 12 हजार रुपये कीमत के चार मोबाइल और बिना नंबर की पल्सर बाइक जब्त की है। लगातार हुई इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में तथा कोतवाली थाना प्रभारी के निर्देशन में दो विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने घटनास्थलों के आसपास के 80 से 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक सोहन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक संजय ठाकुर, प्रधान आरक्षक करण साहू, आरक्षक प्रदीप मालवीय, आरक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक सजन राजपूत, आरक्षक कमलेश परिहार और आरक्षक शैलेंद्र का विशेष योगदान रहा।

### नई बस स्टैंड बिल्डिंग तीन मंजिला होगीः नपाध्यक्ष

# सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड महानगरों की तर्ज पर बनेगाः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



नेताजी सुभाषचंद्र बोस बस स्टैंड के नवीनीकरण का भूमिपूजन बुधवार शाम को किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया और उपाध्यक्ष अंशुल गोयल उपस्थित रहे। लगभग 9 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस नए बस स्टैंड भवन का निर्माण कार्य एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया ने बताया कि नई बस स्टैंड बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें कुल 126 दुकानें बनाई जाएंगी। ग्राउंड फ्लोर पर 26 दुकानें, मेजेनाइन पर 27, फर्स्ट फ्लोर पर 61 और सेकंड फ्लोर पर 1500 से 3000 वर्ग फीट की 6 दुकानें और ऑफिस स्पेस शामिल होंगे।

यह नया बस स्टैंड यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा। इसमें शेड्यूल डिस्प्ले, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे पहले, शहर के वार्ड 32 स्थित सुदामा नगर में नल जल योजना के तहत 50 से अधिक कॉलोनियों में नर्मदा जल पहुंचाने के लिए भी भूमिपूजन किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड महानगरों की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसमें यात्रियों, बस चालकों के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु दुकानें भी शामिल होंगी। यात्रियों के लिए भोजन और ठहरने सहित अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पुष्पाहार से स्वागत किया

# स्टील सायलो बघवाड़ पर गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ



**हरदा।** स्टील सायलो बघवाड पर गेहूं उपार्जन केंद्र का गुरूवार को शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने फीता काटकर केन्द्र का शुभारम्भ किया। अधिकारियों ने गेहूं उपार्जन के लिये किसानों का पुष्पाहार से स्वागत किया। इस अवसर पर ,बाजानिया समिति द्वारा स्थापित उपार्जन केन्द्र पर एक किसान एवं पोखरनी समिति द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्र पर 2 किसानों इस प्रकार कुल 3 किसानों से कुल 113.77 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया।

# बिजली संकट से मिली मुक्तिः लोकार्पण के 12 दिन बाद शुरू हुआ नया सब स्टेशन

### एमपीईबी ग्राउंड स्थित उपकेंद्र से शुरू हुई बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंडी क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। पिछले कई महीनों से भीषण बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को आखिरकार मंगलवार 7 अप्रैल से नियमित बिजली सप्लाई मिलना शुरू हो गई है। एमपीईबी ग्राउंड स्थित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, जिसका लोकार्पण 12 दिन पूर्व किया गया था, अब पूरी तरह क्रियाशील हो गया है। इस सब-स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के बिजली तंत्र पर बना भारी दबाव कम हो गया है, जिससे अब अघोषित कटौती का दौर थम जाएगा।

बता दें इस उपकेंद्र का लोकार्पण 26 मार्च को जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। लेकिन विडंबना यह रही कि लोकार्पण के बावजूद तकनीकी कमियों और अधूरे काम के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी थी। इस बीच मंडी क्षेत्र में बिजली संकट और गहरा गया। स्थिति यह बनी कि दिन में 7 से 8 बार कटौती होने लगी। दो दिन पूर्व सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहने से गुस्साए नागरिकों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया था। जनता के इसी भारी विरोध और विभाग की किरकिरी के बाद विद्युत कंपनी ने युद्ध स्तर पर कार्य पूरा कर 7 अप्रैल से इस सब स्टेशन से सप्लाई शुरू कर दी है।

**इन क्षेत्रों को होगा सीधा लाभ :** एमपीईबी ग्राउंड स्थित इस नए सब-स्टेशन से शहर के एक बड़े हिस्से की बिजली व्यवस्था सुधर जाएगी। अब यहां से जनता कॉलोनी, संजय नगर, मंडी क्षेत्र, बड़ा मंदिर एरिया, इंद्रा कॉलोनी, फ्रीगंज, पुलिस अधीक्षक निवास और मस्जिद एरिया में सप्लाई दी जाएगी। मालूम हो कि पहले मंडी और इंडस्ट्रियल एरिया एक ही फीडर बिजौरी डीसी पर निर्भर थे, जिससे लोड बढने पर ट्रिपिंग होती थी।

### विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आयोजन किया

# चारों जिनालयों में णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर नगर के चारों जिनालयों में श्रावकों द्वारा णमोकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य संसार में शांति और सभी प्राणियों के कल्याण की भावना को प्रसारित करना था।

जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि यह दिवस जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के आह्वान पर मनाया गया। इसके तहत नगर के सभी जैन मंदिरों में एक ही समय पर णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वभर में अहिंसा और शांति का संदेश फैलाना है। राजीव जैन ने यह भी बताया कि णमोकार महामंत्र को जैन धर्म का सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र माना जाता है। इसे 'मंत्रों का रत्न' भी कहते हैं, क्योंकि यह किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु जैसे श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है। मान्यता है कि इसी मंत्र से चौरासी लाख मंत्रों की उत्पत्ति हुई है। यह महामंत्र आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा तनाव और अशांति दूर होती है।

जैन समाज के सहसचिव संजय जैन ने जानकारी दी कि गुरुवार सुबह 8 बजकर 1 मिनट से 9 बजकर 36 मिनट तक नगर के सभी जिनालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का निरंतर जाप किया और ध्यान-साधना के माध्यम से आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। महिला परिषद की सदस्य ज्योति कटनेरा ने कहा कि णमोकार महामंत्र केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जोर दिया कि सामूहिक जाप से समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है, जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी वैश्विक संदेश के साथ गुरुवार को विश्व णमोकार महामंत्र दिवस हरदा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।